Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 23-02-2022 | अंक 150

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक घायल, रेफर

बरही थाना अंतर्गत बरही चौक निवासी जीत गुप्ता उम्र 40 वर्ष पिता जगदीश गुप्ता अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही चौक से अनुमंडल जाने के क्रम में बरही थाना के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गए। जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया



### सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

बरही थाना अंतर्गत बाराटांड़ निवासी सोनू रविदास उम्र 27 वर्ष पिता बिनोद रविदास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिससे उनका पैर का गंभीर चोट आई। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।



### दो वर्षीय बच्ची ने गलती से किया कीटनाशक दवा का विषपान स्थिति गंभीर, रेफर

बरही थाना अंतर्गत पड़रिया निवासी मुकेश राणा की दो वर्षीय बेटी सुइया कुमारी ने गलती से घर में रखा कीटनाशक दवा खा ली। जिससे बच्ची उल्टी करना शुरू कर दी। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।



# 28 वां केशरवानी मिलन समारोह में धर्मशाला निर्माण एवं सामाजिक एकजुटता पर जोर

## बच्चो की नृत्य संगीत प्रस्तुति ने सबका मन मोहा, सामाजिक कुरीतियों पर चोट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही नगर केसरवानी वैश्य सभा बरही के द्वारा 28 वां केसरवानी मिलन समारोह धूम धाम से मनाया गया । मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ नगर केशरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष बलराम केशरी द्वारा झंडतोलन कर तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. प्रेम सागर जी द्वारा गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी के चित्र पर दीप प्रज्व. लित कर तथा पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश महामंत्री भग. वान केशरी, कोषाध्यक्ष सीताराम केशरी जी के साथ साथ झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य तरुण सभा के कोषाध्यक्ष मनीष केशरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केशरी, केशरवानी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, कार्यकारिणी सदस्य दीपक केशरी, कोडरमा जिला केसरवानी वैश्य सभा के जिला अध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र केशरी, जिला महामंत्री सुरेश केशरी, हजारीबाग जिला केसरवानी वैश्य सभा के जिला अध्यक्ष अशोक केशरी, जिला महामंत्री बिनोद केशरी के अलावे समाज के प्रदेश स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिक. ारियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। समाज के शुभचिंतकों ने सभी केशरवानी बन्धुओं से क्षमता अनुसार धर्मशाला निर्माण करने हेतु सामग्री देने की अपील की जिससे की धर्मशाला का निर्माण जल्द से जल्द हो सके। इस अपील के बाद कई दाताओं ने निर्माण कार्य के लिए बढ़ चढ़ कर सहयोग किया तथा भविष्य में सहयोग करने का आश्वासन




मंच पर उपस्थित अतिथिगण



कार्यक्रम मे शामिल लोग

दिया। इसके साथ ही धर्मशाला में जल व्यवस्था हेतु बुधवार को चापानल बोरिंग किया गया। इस कार्यक्रम मे संतुष्टि केशरी, नंदनी केशरी, आराध्या केशरी, अपर्णा केशरी, आइसा केशरी, रितिका केशरी, कोमल केशरी, रौनक केशरी, प्रियंका केशरी, चाहत केशरी आदि बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत आदि संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारी संख्या के भीड़ वाली इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने वालों मे झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केशरी, नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू, अध्यक्ष बलराम केशरी, महामंत्री महेंद्र केशरी, कोषाध्यक्ष काशी केशरी, प्रशास. निक सहयोग एवं मीडिया प्रभारी राजेश केशरी (मेवालाल), धर्म शाला निर्माण कमिटी के संरक्षक इन्द्रदेव केशरी, अध्यक्ष बिनोद केशरी, तरुण सभा के नगर अध्यक्ष रंजीत केशरी, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संरक्षक कपिल केशरी, अध्यक्ष मनोज केशरी, कोषाध्यक्ष मनोज केशरी, उपाध्यक्ष रवि केशरी, महिला सभा के नगर अध्यक्षा जयंती देवी, महामंत्री रेखा देवी, कोषाध्यक्षा उर्मिला केशरी, बरही डीह पंचायत अध्यक्ष उमेश केशरी, पटना रोड पंचायत अध्यक्ष निर्मल केशरी, गया रोड पंचायत अध्यक्ष राजेश केशरी, सचिव जयराम केशरी, हजारीबाग रोड पंचायत अध्यक्ष लखन केशरी, धनबाद केशरी दशरथ केशरी, कोनरा पंचायत अध्यक्ष संतोष केशरी, महिला सभा के पंचायत अध्यक्षा रेणु केशरी, गिरजामणि देवी, नीलम केशरी, मंजु केशरी, कंचन देवी, सत्या देवी, अनीता देवी, शंकर केसरी,सरजू केसरी, बिरजू केसरी, गणेश केसरी, सुखदेव केसरी, संजीत केसरी, आशा देवी, रीता देवी, कंचन देवी, ममता देवी, रूपा देवी, रीना देवी, अंशी देवी, रंजीता देवी, अंजू देवी, रूपा देवी, रंजू देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी आदि का प्रयास अतुलनीय रहा।

# 36906 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य, 200 बूथ, लगाए जाएंगे 491 वैक्सीनेटर

## प्लस पोलियो को लेकर बीएलटीएफ की बैठक, 27 जनवरी को होगा पल्स पोलियो कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

27 जनवरी को प्रस्तावित पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बरही में बीएलटीएफ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में बताया गया कि 27 जनवरी से पल्स पोलियो कार्यक्रम चलेगा। 27 को बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। शेष बच्चे बच्चों को दो दिनों तक डोर टू डोर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस बार बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से 36906 बच्चो को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया। लक्ष्य को पूरा करने के लिए 200 बूथ बनाए गए हैं। 491 वैक्सीनेटर को लगया गया है। 36 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। जबकि 5 ट्रांजिट टीम का गठन किया गया है। सभी वैक्सीनेटर को प्रशिक्षित किया गया है। बैठक में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी,डॉ सचिन कुमार, सीडीपीओ नीलू रानी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, सुरेंद्र रजक, पंकज कुमार आज़ाद, बीपीएम नारायण राम, विनय कुमार सिन्हा, विजेंद्र कुमार, बिनोद कुमार, प्रवीण कुमार, विष्णु कुमार, प्रह्लाद कुमार, महेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, जावेद अख्तर, नागेंद्र कुमार, राजेश यादव,नरेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।



पल्स पोलीयो को लेकर चर्चा करते डीएस व अन्य

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## 25 किमी मैराथन दौड़ में लड़कों में धीरज व 12 किमी में लड़कियों में मनीषा ने मारी बाजी

### फिजिकल एकेडमी बरही की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन, 44 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



मैराथन दौड मे भाग लेते प्रतिभगी

तिलैया रोड उजैना के पास संचालित फिजिकल एकेडमी बरही की ओर से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमे लड़को के लिए 25 किमी का लक्ष्य रखा गया था और लड़कियों के लिए 12 किमी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लड़को में धीरज कुमार प्रथम, धीरन कुमार द्वितीय एवं रोहित कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धीरज कुमार ने 25 किमी की दूरी दो घंटे 47 मिनट में पूरा किया। वहीं लड़कियों के ग्रुप में प्रथम स्थान मनीषा कुमारी, कोमल कुमारी दूसरा एवं रौशनी कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मनीषा कुमारी ने 12 किमी की दूरी दो घण्टे 07 मिनट में पूरा किया। मै. राथन दौड़ का आयोजन बिकास कुमार एवं सूरज कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर फिजिकल एकेडमी बरही के निदेशक बिकास कुमार ने बताया कि इस मैराथन दौड़ में कुल 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमे 30 लड़के एवं 14 लड़कियां थी। कहा कि उनके संस्थान में सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। थ्योरी के साथ साथ प्रैक्टिकल भी सिखाया जाता है। समय समय पर मैराथन दौड़ करवा कर उनकी स्टेमिना की जांच की जाती है। मौके पर प्रतिभागीयों के साथ साथ प्रशिक्षक भी मौजूद रहे।

## समाजसेवी तापेश्वर प्रसाद ने मृतक लखन साव के परिजनों को ब्रहम्भोज के लिए उपलब्ध कराया राशन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



अनाज उपलब्ध कराते तपेश्वर प्रसाद

बरहीडीह अंतर्गत रामनगर निवासी लखन साव की आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर समाजस. ेवी तपेश्वर प्रसाद शोकाकुल परिवार से मिलकर ढाढस बंधाया। साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण मौके पर ही ब्रह्मभोज कार्यक्रम के लिए 5100 रुपये नकद के साथ राशन उपलब्ध कराया। इसमे 50 किलो चावल, आटा 20 किलो एवं 5 किलो दाल शामिल था। सहयोग करने पर मृतक के परिजन ने समाजसेवी का आभार जताया। मौके पर उपस्थित महिला मंडल के अध्यक्ष कमला देवी, सावित्री देवी, कौशल्या देवी, सीमा देवी, संतोष केसरी, डब्ल्यू सिंह, संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य लोग उप. स्थित थे।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने बरही में बाबा संत गाड़गे जी महाराज की 146वीं जयंती मनाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**




गाडगे जी महाराज की जयंती मे शामिल लोग

आज दिनांक 23/02/2022 को बरही प्रखंड के अंतर्गत धोबीयाडीह बसरिया गांव में अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रखण्ड इकाई बरही के लोगों द्वारा को बाबा संत गाडगे जी महाराज की 146वीं जयंती उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से उपस्थित पारस शरण देव,ABDM संरक्षक) राम प्रसाद राम (प्रखण्ड अध्यक्ष ABDM, बरही), नागेश्वर कु.रजक (प्रखण्ड सचिव ABDM, बरही), संजय रजक (ABDM जिला सचिव), विशुनधारी राम (ABDM जिला कोषाध्यक्ष), सुरेश रजक, गोबिंद रजक, प्रयाग रजक, राजू रजक, खूबलाल रजक, द्वारिका रजक, कैलाश रजक,संतोष रजक,विजय रजक,रविंद्र रजक, तालो रजक पोखन रजक, महेश रजक,अजय रजक, प्रकाश रजक, बालेश्वर रजक, देवीलाल रजक, गणेश रजक, झमन रजक, रिंकी देवी, पूनम देवी, नर्मदा मो. सुषमा देवी, कविलास देवी,आदि लोग उपस्थित थे!!

## विधायक ने पुलिया निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



पुल का शिलान्यास करते विधायक अमित कु0 यादव

बरकट्ठा – प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला के बांडी नदी पर बनने वाले पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोडकर किया। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद अंतर्गत 58 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुलिया निर्माण शिलान्यास के मौके पर विधायक ने कहा कि इस पुलिया के निर्माण होने से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। बरसात के दिनों में किसानों को खेती करने के लिए आने जाने में बहुत ही कि. ठनाइयों का सामना करना पड़ता था। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बांडी नदी पर पुलिया का अति आवश्यकता थी। पुलिया निर्माण कार्य का प्रारंभ होने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। मौके पर पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खां,मुखिया मुंशी पासवान,रीतलाल प्रसाद,उप मुखिया अब्बास अंसारी,जीवन यादव, मुकेश यादव,महादेव यादव, उमेश यादव, श्याम सुंदर यादव,मंसुर अंसारी, मो. हम्मद अंसारी, रामसहाय पासवान, जगदीश पा. सवान,राजू यादव, भुनेश्वर राणा, राजेन्द्र यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने दिया अतिक्रमण मुक्त करने का आवेदन , मापी करने पहुंचे वन अधिकारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियौन में वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने पश्चिम वन प्रमंडल हजारीबाग को एक लिखित आवेदन दिया। जिसमे लिखा है कि खाता नंबर 41 प्लॉट नंबर 300 कई ग्रामीणों के द्वारा वन भूमि पर प्राइवेट स्कूल शॉपिंग मॉल दुकान बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए पश्चिम वन प्रमंडल हजारीबाग के आद. ेशानुसार वंरक्षी संतोष कुमार के उपस्थिति में अतिक्रमण हुए वन भूमि का मापी करवाया गया। जंहा अधिकारियों ने बताया की वन भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ हज़ारीबाग़ विभाग प्रमुख ने की बैठक, विद्यालय विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**



बैठक मे शामिल लोग

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में विद्यालय के प्रबंधन समिति के साथ हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा विभाग सह प्रमुख तुलसी प्रसाद ठाकुर की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के संदर्भ में नई समिति के साथ आगामी 2 वर्षों के लिए विशेष चर्चा हुई। इस चर्चा में कोरोना काल से शिक्षा के क्षेत्र में हुए क्षतिपूर्ति पर मंथन किया गया और आगामी सत्र में पठन–पाठन पर विशेष जोर देने पर निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार साहू , सचिव नागेंद्र कुमार गुप्ता, सह सचिव दिनेश साव, साहू समाज पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव , समिति सदस्य सूरज कुमार, कुंदन साव , सरिता देवी, आमंत्रित सदस्य अंजली गुप्ता और विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय उपस्थित थे।

APEM
LIVE


RAINBOW SCHOOL BARHI
RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
UID NO. 20040117202
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)
ADMISSION OPEN NOW
Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul
SALIENT FEATURES
C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
Eco Friendly Environment
Admission through Entrance Exam
Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
Beautifully Aesthetically Designed Campus
Stress Free & Pollution Free Environment
Smart Classes, Computer Lab
Project Based learning Music and Dance room
Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
Counselling Programs For Students & Parents
Preparation & Remedial classes for Extra Support
Whole Campus under CCTV Surveillance
Transport Facility available
School offers scholarship to meritious students
R.O. Purified water facility
Well Stocked Library
Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
Sufficient & Airy Classrooms
Remedial Classes for Co-Curricular Activities
Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
Regular Organised Exams Periodically
Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum
RAINBOW SCHOOL BARHI
Classes From
(Pre-Nursery to Xth C.B.S.E. Pattern)
RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
में वार्षिक खेलउत्सव दिवस का आयोजन
इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।
––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से


वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...
बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!
सोच हमारी
विकास आपका
कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी


प्रो0 शिव कुमार
9162759200
शिव ऑप्टिकल हाऊस
कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच
हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।
धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)


विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो0 – विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।
TVS
Hero
BAJAJ
HONDA
YAMAHA
SUZUKI
ROYAL ENFIELD
PIAGGIO
Mahindra
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भंडारा और भजन संध्या के साथ यज्ञ का हुआ समापन

**अपेम लाइव : गांवां**
**मोजाहिद अली**



संध्या भजन करते कलाकार

पिछले सोलह फरवरी से चल रही गिरिडीह सदर प्रखण्ड के पिंडाटांड गांव में श्री श्री एक हजार आठ श्री राधा कृष्ण नागेश्वर धाम प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बाइस फरवरी को प्रातः हवन, भंडारा और शाम में भजन संध्या के साथ संपन्न हो गया। भजन संध्या में धनबाद से आई मशहूर गायिका बाबी जी ने मनमोहक भजन को प्रस्तुत कर सबको झूमा डाला। भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ नेत्रहीन गायक सुधीर जी ने किया। यज्ञ समिति पिंडाटांड ने भजन संध्या दल को पहले ही सूचित कर दिया था कि भोजपुरी भाषा में कोई भी भजन प्रस्तुत नही करनी है। भजन संध्या दल द्वारा देशभक्ति गीत गाकर उप. स्थित श्रोताओं को भावुक कर दिया। यज्ञ शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं और श्रोताओं को धन्यवाद दिया यज्ञ को शांति पूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने के लिए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कर्मचारी आवास निर्माण कार्य में घटिया मेटेरियल इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

**अपेम लाइव : गांवां**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गांवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिषर में बन रहे कर्मचारी आवास में संवेदक के द्वारा घटिया और खराब मटेरियल इस्तेमाल करने का आरोप लगाते है भाजपा नेताओं ने मुखर होकर विरोध किया। सांसद प्रतिनिधि खाद्य आप. ूर्ति विभाग उदय यादव ने कहा कि यह आवास निर्माण कार्य में घटिया ईटों व पतले छड़ों का इस्तेमाल किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि सामान में कमी होने से यहां के पीलरो में दरारे आ गई है। सांसद प्रतिनिधि देवनन्दन साव ने बताया कि इस तरह के कार्य गांवा में चलने से ऐसा लगता है कि सरकार का पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा है जो दुख का विषय ही। उन्होंने उपयुक्त से मांग करते हुए कहा की जांच पड़ताल करके घटिया सामानों को हटाकर फिर से अच्छे सामानों के द्वारा भवन का निर्माण कराया जाए और दोषियों पर कार्यवाई किया जाए। इस संबंध में कनीय अभियंता बैजनाथ कुमार ने कहा कि आदि प्रकार का आरोप लगाया जा रहा है तो इसकी जांच की जाएगी और गलत पाए जाने पर जांच के बाद उसको सुधार करते हुए कार्यवाई की जाएगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भगवानदास बरनवाल, अरुण यादव, बजरंगी यादव, बिनोद मिस्टकार, अजय कुमार राय, सुनील सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मृतक के परिवार से मिलने पहुचे स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि और माले कार्यकर्ता

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत सिमराढाब पंचायत के जुरपा गांव निवासी सोमर ठाकुर की मौत बीते रात्रि में हो गई।घटना की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे,भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा महेंद्र दास, पहुंच कर शोक श्ररंदाजली अर्पित किए।और उनके परिवार वालों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।मौके दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM LIVE

## लापता बच्चा का अब तक कोई सुराग नहीं मिला

**अपेम लाइव : पचंबा**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र स्थित मानिकलालो के निवासी अनिल दास पिता खीरी दास ने पचम्बा थाना प्रभारी से अपने 15वर्षीय बेटा विक्की कुमार की बरामदगी की गुहार लगाई है। अनिल दास ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में लिखा है कि उनका बेटा विक्की कुमार जो कि पंद्रह वर्ष का था 19फरवरी को शाम लगभग चार बजे घर से निकला जो देर रात तक वापस नहीं लौटा तो मैं पूरे परिवार के साथ खोजबीन शुरू किया रिश्तेदारों के घर पूछताछ किया पूरे गांव में खोजबीन किया मगर कही कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी से आवेदन के माध्यम से अपने बेटे की खोजबीन की गुहार लगाई है। आवेदन मिलते ही पचंबा थाना पुलिस हरकत में आई और खोजबीन शुरू कर दिया। समाचार मिलने तक कोई भी सुराग नहीं मिलने की सूचना है।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी



फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

पुरहरा मोड :- रसोईया धमना, बरही,हजारीबाग

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## पूर्व विधायक के उपस्थिति में पिपराडीह में हुवा शान्ती समिति की बैठक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**


दोनो समुदायों ने आपसी भाईचारगी व शौहर्द के साथ रहने का लिया निर्णय

डेबो पंचायत के पिपराडीह में बीते कुछ दिनों से जमीनी विवाद को लेकर तनाव का माहौल पनप रहा था। स्थानीय मुखिया मोहन साव के अगुवाई व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के उपस्थिति में दोनो समुदायों के बीच शान्ती समिति कि बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान दोनों समुदायों के प्रमुख लोगों ने आपसी भाईचारगी व शौहर्द के साथ रहने का निर्णय लिया। बैठक के अगले दिन बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर अख्तर व सीओ प्रेमचंद सिन्हा घटना स्थल पर पहुंच विवादित जमीन का अवलोकन किया और दोनो समुदाय को आपसी सहमति के साथ जमीन विवाद दूर करने को कहा। पूर्व विधायक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लड़ाई झगडा नही करे कानून का सहारा लेकर व आपसी सहमति से मामले का निपटारा करे। पूर्व विधायक ने पुलिस प्रशाशन से मांग किया कि मामला निपटारे के बाद हिदुओ पर हुए केश को वापस लिया जाए ताकि फिर से पिपराडीह में शान्ती का माहौल बना रहे। बैठक में उपप्रमुख मो ताहिर अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, कांग्रेस नेता राजू साव, लक्ष्मण रविदास, उपमुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, वार्ड सदस्य रामसहाय यादव, समा. जसेवी योगेन्द्र यादव, रियाज़ अंसारी, मनोज यादव, टुनटुन यादव, अनिल यादव, मनोज यादव, माधुरी देवी, अशोक यादव, बालेश्वर राणा, बिनोद राणा, युवा नेता कृष्णा यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षको ने सरकार से अनुदान राशि बढ़ाने एवं स्कूल अधिग्रहण करने की मांग की, हड़ताल पर रहे

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


आंदोलनरत शिक्षक, शिक्षिकाएं।

बड़कागांवरू झारखंड राज्य शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को बा. लिका उच्च विद्यालय बड़कागांव में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं ने सरकार से अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। जिसके कारण विद्यालय में पठन-पाठन कार्य पूर्ण रूप से स्थगित रहा। झारखंड में संचालित इंटर महाविद्यालय उच्च विद्यालय मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय कुल 1250 विद्यालय के शैक्षणिक कर्मचारी हड़ताल पर रहे। ज्ञात हो कि पिछले 25 वर्षो से वित्त रहित विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं।शिक्षक राम लखन महतो ने बताया कि हम लोग पिछले 25 वर्षो से आंदोलनरत हैं हम लोग सरकार से मांग करते हैं कि महंगाई को देखते हुए 2020-21 एवं 2021- 22 की अनुदान राशि बढ़ाने एवं विद्यालयों को अविलंब अधिग्रहण किया जाए । मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मालती कुमारी, शिक्षिका विमला कुमारी, जीडीएम इंटर क०लेज के प्राचार्य शिक्षक राम लखन महतो, अख्तर हुसैन, अशोक कुमा,र शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार, विनोद कुमार, शंकर कुमार, सपना कुमारी, बेबी देवी, इमरोज अंसारी एवं शंकर राणा उपस्थित थे ।

## बुढ़वा महादेव पूजा समिति की बैठक संपन्न

### शिव शंकर बने अध्यक्ष व संतोष ठाकुर मीडिया प्रभारी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


अध्यक्ष शिव शंकर


मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर

महाशिवरात्रि पूजा मनाने को लेकर बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के बैनर तले विशेष बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता दामोदर प्रसाद मेहता व संचालन शंकर महतो ने की। सर्वसम्मति से बुढ़वा महादेव में महा. शिवरात्रि एवं मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजन एवं मेला समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शिव शंकर कुमार, उपाध्यक्ष अनुज कुमार सोनी, सचिव सत्यजीत अलंकार, उपस. चिव मन्नू कुमार, कोषाध्यक्ष अवध किशोर कुमार, उपकोषाध्यक्ष उदय मेहता, संयोजक जय शंकर मेहता, उप संयोजक सहेश कुमार, बारात मंत्री विशेश्वर महतो, चंदा मंत्री मे. वालाल नाग, मनोरंजन मंत्री सूरज कुमार, उप मनोरंजन मंत्री, धीरंजन कुमार, व्यवस्था प्रमुख मिथिलेश कुमार, उपव्यवस्था प्रमुख उज्जवल कुमार, झांकी प्रभारी हुलास प्रसाद दांगी, प्रसाद व्यवस्थापक सोनू गुप्ता, जल व्यवस्थापक मीनू कुमार, लाइट साउंड व्यवस्थापक रामचंद्र महतो, संरक्षक मंत्री अरविंद कुमार, सड़क मंत्री मीना कुमार और मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर को नियुक्त किया गया।

APEM LIVE

## बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से गिरिडीह निवासी को मिला रक्त

### लगातार दूसरे दिन रक्त मुहैया कराने के बाद हमारे विंग के सदस्यों को काफी संतुष्टि प्राप्त हुई है :- विशाल खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हज़ारीबाग़ :- गिरिडीह पालगंज निवासी मुरारी राम की धर्मपत्नी मीना देवी 42 वर्षीय जिनका अ०परेशन होना है। मंगलवार को हजारीबाग के पूनम ह०स्पिटल में इलाजरत के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी पाई गई। डॉक्टरो ने यथाशीघ्र रक्त उपलब्ध करवाने को लेकर उनके परि. जनों को निर्देश दिया। आनन-फानन में उनके परि. जनों ने ब्लड बैंक में सं. बंधित रक्त ना मिलने पर बड़ा बाजार यूथ विंग से रक्त उपलब्ध करवाने को लेकर मदद की गुहार लगाई। यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खण्डेलवाल ने संबंधित रक्त उपलब्ध करवाने के लिए यूथ विंग के उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ,रितेश खण्डेलवाल को मार्गदर्शन दिया। मार्गदर्शन के तुरंत बाद यूथ विंग के उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल संबंधित रक्त के खोजबीन में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। तभी रितेश खण्डेलवाल ने नगवां निवासी मानी इंटरप्राइजेज के संचालक संजय कुमार डिश को रक्तदान करने का आग्रह किया और आग्रह के तुरंत बाद संजय कुमार डिश ने एच.एम.सी.एच स्थित ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर मानवता का मिशाल को पेश किया। मौके पर मौजूद मीना देवी के परिजनों ने बड़ा बाजार यूथ विंग का बहुत-बहुत आभार जताया। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंड. `लवाल ने कहा कि लगातार दूसरे दिन रक्त मुहैया कराने के बाद हमारे विंग के सदस्यों को काफी संतुष्टि प्राप्त हुई है.... मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के सचिव अमर विनायका ने यूथ विंग के उपाध्यक्ष एवं रक्तदाता के रूप में आगे आए संजय कुमार डिश के जज्बे को सलाम किया। साथ ही कहा कि हर लोगों को 3 माह के बाद रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मौके पर उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने कहा कि लोगों तक पहुंच कर उनको सेवा प्रदान करना हमारी विंग की पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर रू- अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, रितेश खण्डेलवाल, मीडिया प्रभारी विजय जैन,अतिशय जैन मौजूद थे।

## एसएस पब्लिक स्कूल चुरचू में कोरोना से बचाव को लेकर द्वितीय डोज दिया गया

### विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चों का वैक्सीनेशन होना अति आवश्यक रू दुलारचंद गुप्ता

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



एस एस पब्लिक स्कूल चुरचू बड़कागांव में 14 से 18 साल के बच्चों को कोरोना महामारी से बचाव को लेकर द्वितीय डोज दिया गया। इस दौरान बच्चों में वैक्सीन लेने के लिए उत्साहित देखा गया। मौके पर उपस्थित निदेशक दुलारचंद गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चों का वैक्स. ीनेशन होना अति आवश्यक है। ताकि पठन-पाठन के दौरान बच्चों में संक्रमण फैलने का डर कम हो सके। साथ ही, लोगों को संदेश देते हुए कहा कि कोरोना महामारी से बचाव को लेकर निरंतर हैंड वाश, मार्क्स,सै. निटाइजर एवं सामाजिक दूरी का पालन करते रहना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक दुलारचंद गुप्ता, प्रधानाध्यापक संतोष नारायण तिवारी, रितेश कुमार ठाकुर, रंजन दास, कुतुब अंसारी, पप्पू यादव,मोहम्मद सद्दाम, प्रमोद कुमार, खुशबू कुमारी, मोनिका देवी, तमन्ना परवीन, पूनम कुमारी के अलावा सैकड़ों बच्चे सहित एनएम गायत्री देवी,अनिल महतो के अलावा सहिया एवं सहिया साथी उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बिरनी इंकलाबी नौजवान सभा अगुवा साथियों ने की बैठक आयोजित


**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी मुख्यालय के समीप भाकपा माले पार्टी कार्यालय बिरनी में इंकलाबी नौजवान सभा बिरनी के अगुआ साथियों की एक मीटिंग आयोजित की गई इस मीटिंग की अध्यक्षता इनौस के प्रखंड संयोजक सीताराम पा. सवान वा संचालन विक्रम आनंद र०य ने किया मीटिं. टंग के दौरान सलाहकार व दिशा निर्देशक के रूप में माले के प्रखंड सचिव क०मरेड सीताराम सिंह उपस्थित रहे। जिसमें इनौस के आगामी राज्य सम्मेलन की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई और इंकलाबी नौजवान सभा के सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए बिरनी में व्यापक रूप देने का रणनीति बनाई गई बैठक में मुख्य रूप से बिरनी इनौस के प्रखंड संयोजक सीताराम पासवान , जिला कमिटी सदस्य राजेश कुमार विश्वकर्मा , विक्रम आनंद र०य, इम्तियाज अली, शेखर सुमन, इरफान अंसारी, दिलीप परदेशी, मिनहाज अंसारी, कमरुल अंसारी, भरत कु रजक, विजय र०य, संतोष दास , राजकिशोर बैठा, इन्द्रदेव सिंह, रामकुमार यादव, पवन पासवान, आदि दर्जनों इंकलाबी ना. ै जवान सभा के नेता शामिल हुए।

## मुड़िया जंगल मे पेड़ से लटका मिला युवक का शव, भाई ने पत्नी पर ही लगाया हत्या का आरोप

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



अहले सुबह दैहर पंचायत के मुड़िया जंगल में एक पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। खबर वाइरल होने के बाद चौपारण क्षेत्र में सनसनी फैल गया। हालांकि चौपारण पुलिस ने इटखोरी पुलिस की मदद से युवक की पहचान कर लिया। मृतक युवक की पहचान इटखोरी प्रखण्ड के ग्राम सोनिया के सुनील भुइँया पिता ब्यास भुइँया के रूप में हुवा है । दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे चौपारण थाना प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर चौपारण थाना लाकर अन्त. रपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। इधर मृतक के बड़े भाई रामसेवक भुईंया ने मृतक की पत्नी पर ही हत्या का आरोप लगाकर न्याय की गुहार लगाया। भाई ने बताया कि मृतक का शादी पिछले वर्ष ही हुआ था और अक्सर मृतक और उसकी पत्नी के बीच लड़ाई झगड़ा होता था। वहीं मृतक की भाभी ने बताई की उसकी पत्नी का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण पति पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता है। वहीं मृतक की पत्नी कुछ दिनों से मांग में सिंदूर भी भरना छोड़ दी थी। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल शुरुआती जांच में युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ था और उसके नाक में गम्भीर चोट के निशान था।

## अभाविप ने विभिन्न समस्याओं को लेकर संत कोंबा महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन'

**अपेम लाइव :हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग ने बुधवार को संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील टोप्पो को ज्ञापन सौंपा, विद्यार्थी परिषद ने मांग किया है जो निम्न प्रकार हैं

1. पानी की समस्या को दुरुस्त किया जाए
2. छात्रावास में प्रवेश हेतु शाम को जल्द दरवाजा बंद किया जाता है जिसको और बढ़ाया जाए
3. छात्रावास में लाइट एवं सफाई की समस्या को दुरुस्त किया जाए
4. स्पोर्ट्स की सामग्री की कमी को पूरा कियाए
5.विभिन्न डिपार्टमेंट में स्टाफ की कमी की समस्या जिसको दूर किए

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन सभी समस्याओं का हल 7 दिनों के अंदर पूरी करने की मांग क०लेज प्रशासन से की नही तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन की बाध्य होगी, मौके पर जिला संयोजक दीपक देव. राज, जिला सह संयोजक सोनू राय, नगर मंत्री मंदीप यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रितेश यादव, राज प्रिंस गुप्ता, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, साकेत सिंह,नीतीश कुमार, यशवंत कुमार, रितिक कुमार, राहुल यादव ,अभिषेक कुमार ,कुंदन मेहता, राजदीप यादव ,शेखर कुमार, शिवम सिंह, विशाल गुप्ता, निरंजन यादव, अमित कुमार, रोशन कुमार, रोहित मिश्रा, प्रेम कुमार, अंजन कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रिंस राज, आशीष कुमार, अरुण कुमार, पवन कुमार, दीपक दास, राजेश यादव, विजय कुमार, आनंद कुमार, बबलू, दीपक, शुभम इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

## महुवाबाद प्रीमियम लीग का विधायक ने किया उदघाटन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




बसरिया पंचयात के महुवाबाद के ग्रीन फील्ड स्टेडियम में अन्तर्राजिय क्रिकेट टूर्नामेंट का महुवाबाद में हुवा शुभारम्भ। प्रतियो. गिता का शुभारम्भ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव में किया। आयोजको ने बताया कि पहला मुक. ाबला शेखपुरा बिहार बनाम गुमला के बीच खेला गया। विधायक ने कहा कि अन्त. र्राजिय क्रिकेट टूर्नामेंट के ऐसा आयोजन प्रसंशनीय है। कहा इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियो के प्रतिभा में होता है निखार। आयोजक विजय साव व चन्दन पा. सवान ने कहा कि पहले मुकाबले में शेखपुरा बिहार ने गुमला को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। आयोजको ने बताया कि पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियो. गिता में झारखंड, बिहार व उत्तरप्रदेश से कुल 16 टीमों ने भाग लिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, कांग्रेस नेता महेंद्र साव ,मुकेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने अध्यक्ष रा. जेश साव, उपाध्यक्ष अरबिंद साहू सचिव विकास साव, उपसचिव टेकलाल साव ,सुनील पासवान,बिनोद साव, सुधीर साव,रामभरोस साव, मिथलेश साव, विनय साव , जितेन्द्र साव, राजू पासवान ,गोबिंद साव आदि महती भूमिका निभा रहे है।

## मृतक माता के श्राद्ध में डीएसपी व दरोगा ने स्कूल परिसर में किया पौधारोपण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बढ़ते पेड़ के साथ माता की स्मृति मानस पटल पर जीवंत रहेगा रू डीएसपी

बच्छई निवासी सह सिमरिया डीएसपी अशोक प्रियदर्शी व गढ़वा जिले के केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार ने अपने मृतक माता के श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान म०डल स्कूल चौपारण व बेसिक स्कूल बच्छई परिसर में किया पौधारोपण। इस दौरान डीएसपी व भाई दरोगा ने लगभग एक सौ फलीदार पौधारोपण कर उसका संरक्षण करने का निर्णय लिया। डीएसपी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि माँ के असामयिक मौत ने हमसबको झकझोर कर रख दिया। कहा बढ़ते पेड़ो के साथ माता को स्मृति हम सबके मानस पटल पर जीवंत रहेगा । इस दौरान पिता सह रिटायर्ड बैंक कर्मी भीखन रविदास, बड़े भाई बासुदेव रविदास, हरियाली दूत दिनेश साव, बच्छई निवासी गिरधारी रविदास, सुखदेव यादव, सीताराम यादव, प्रकाश यादव, सुरेश प्रसाद, शंभु दास, अजय दास, शिक्षक राजू रविदास, लेखो यादव, नारायण रविदास, नरेश रविदास सहित अन्य

## आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर चतरा एस डी पी ओ एवं थाना प्रभारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

## बिना हेलमेट एवं मास्क वाले वाहन चालकों को दी गई चेतावनी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कान्हाचट्टी :– बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वालों के विरुद्ध बुधवार को आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर एस डी पी ओ अविनाश कुमार एवं सदर थाना प्रभारी लव कुमार ने चतरा शहर के विभिन्न स्थानों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सघन जांच किया गया।जिसमें सैकड़ो दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच किया गया।एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने बताया कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालों को अब चतरा में खैर नहीं होगी।उन्होंने वाहन चलाने वालों को बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जीवन को बेहतर जीने के लिए जब भी वाहन चलाएं तो हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं।वहीं सदर थाना प्रभारी लव कुमार ने कहा कि जब वाहन से अपने परिजन घर से निकलते हैं तो अपने परिवारों अपने बाल बच्चो को एक बार जरूर याद कर हेलमेट पहने कर निकले।नहीं तो अधिकांश आज के समय मे सड़क दुर्घटना में बिना हेलमेट वाले ही होते हैं।वही जिले के रा. जपुर थाना क्षेत्र में भी वाहन जांच किया गया।